# पीबीएम में प्रसूता की मौत पर कांग्रेसजनों ने मोर्चरी पर प्रदर्शन कर रोष जताया

**बीकानेर,** (कासं)। पीबीएम सुधारो जनआंदोलन के तहत चल रहा धरना प्रदर्शन नौवें दिन भी जारी रहा। जिला कांग्रेस कमेटी देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीबीएम अस्पताल में प्रसूता की मौत के मामले को लेकर मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन कर रोष व्यक्त किया।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पीबीएम अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्थाओं की गंभीर लापरवाही के कारण प्रसूताओं की जान खतरे में पड़ी है। हाल ही में सिजेरियन डिलीवरी के बाद स्वास्थ्य बिगड़ने वाली महिलाओं में शामिल प्रीति की मौत के बाद कांग्रेसजनों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर सेवा कार्यों का आयोजन किया गया।



बीकानेर कांग्रेस कमेटी देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रसूता की मौत पर मोर्चरी पर धरना दिया।

कार्यकर्ताओं ने पीबीएम अस्पताल के टीबी विभाग में मरीजों को फल वितरित किए तथा रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। शाम को युवक कांग्रेस के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज परिसर से जिला कलेक्टर आवास तक मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं युवक कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल प्रशासन और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई। वहीं नोखा विधायक सुशीला रामेश्वर डूडी ने भी पीबीएम सुधारो जनआंदोलन के तहत चल रहे धरने को अपना समर्थन दिया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पीबीएम सुधारो जनआंदोलन जनहित से जुड़ा अभियान है और जब तक अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं होता तथा जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। नोखा विधायक सुशीला रामेश्वर डूडी ने कहा कि आमजन को बेहतर और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं में व्यापक सुधार की आवश्यकता बताते हुए कहा कि मरीजों और उनके परिजनों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए प्रशासन को तत्काल प्रभाव से आवश्यक कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय मिलने तक कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा और जनहित के इस आंदोलन में उनका पूरा समर्थन रहेगा।

- **पीबीएम सुधारो आंदोलन के तहत धरना नौवें दिन भी जारी रहा**

देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि पीबीएम अस्पताल में प्रसूता की मौत बेहद दुखद और चिंताजनक है। यदि ऑपरेशन के बाद महिलाओं की तबीयत लगातार बिगड़ रही है तो यह स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को 25 लाख रूपये मुआवजा देने की मांग करती है। पीबीएम सुधारो जनआंदोलन जनता के स्वास्थ्य अधिकारों की लड़ाई है, जिसे हम सामाधान होने तक लगातार जारी रखेंगे।

शहर अध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल ने कहा कि राहुल गांधी के जन्मदिन पर रक्तदान और मरीजों को फल वितरण कर सेवा का संदेश दिया। वहीं प्रसूता की मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर विरोध भी दर्ज कराया। युवक कांग्रेस द्वारा मशाल जुलूस निकाला गया।

## लक्ष्मीनाथ मंदिर में 25 को निर्जला एकादशी मेला

**बीकानेर,** (कासं)। लक्ष्मीनाथ मंदिर में 25 जून को निर्जला एकादशी के अवसर पर मेला भरेगा। मेले में विभिन्न व्यवस्थाओं की मांग को लेकर लक्ष्मीनाथ मंदिर विकास एवं पर्यावरण समिति के शिष्टमण्डल ने सचिव सीताराम कच्छावा के नेतृत्व में गुरूवार को कलेक्टर निशांत जैन, एसपी मृदुल कच्छावा एवं बीकानेर विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पलानीचामी को ज्ञापन सौंपा।

शिष्टमंडल में शिवप्रकाश सोनी, विनोद महात्मा, अनिल सोनी, चंद्रप्रकाश, कैलाश छींपा, अजय राठौड़, संदीप मारू, गौरीशंकर अग्रवाल आदि समिति के सदस्य शामिल थे। समिति के सचिव कच्छावा ने एसपी को बताया कि मेले में आने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए सुबह पांच बजे से पुलिस व्यवस्था की तैनात करवाई जाए। 26 जून को मोहर्रम होने के कारण 25 को मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में रात्रि में ताजिए निकाले जाने के कारण तथा लक्ष्मीनाथ मंदिर में मेले के कारण अधिक भीड़ होगी। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करवाई जाए। कलेक्टर को लक्ष्मीनाथ मंदिर परिसर में होने वाले मेले में पुलिस व्यवस्था, देवस्थान विभाग से टैंट व्यवस्था, निगम से सफाई व्यवस्था, मंदिर एवं पार्क परिसर की बंद पड़ी लाइटों को ठीक करने का आग्रह किया।

## सार-समाचार

### उर्वरकों के प्रयोग पर किसानों से चर्चा



खेत बचाओ अभियान के तहत प्राकृतिक खेती, उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर वैज्ञानिकों ने किसानों को जानकारी दी।

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा चलाए जा रहे 'खेत बचाओ अभियान' के तहत केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान बीकानेर संस्थान द्वारा आंबासर एवं किलचू गांव में कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिनमें खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत प्राकृतिक खेती, उर्वरकों का संतुलित उपयोग, सरकारी योजनाओं का लाभ एवं वैज्ञानिक सलाह, जागरूकता इत्यादि पर विस्तृत रूप से किसानों से चर्चा की। इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. हनुमानराम, डॉ. लालचंद तथा डॉ. पवन पूनिया ने संस्थान द्वारा विकसित विभिन्न उन्नत बागवानी फसलों में संतुलित खाद एवं उर्वरकों का फसलों में उपयोग, प्राकृतिक खेती, एकीकृत पौष्टिक प्रबंधन द्वारा मिट्टी की उर्वरता और उत्पादकता बनाए रखने मे किसानों से विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होने किसानों को विभिन्न बागवानी फसलों में जैव-उर्वरक उपयोग करने की भी सलाह दी, जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़े। इसी प्रकार संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. लालचंद ने किसानों को बागवानी फसलें मोसंबीवर्गीय फल, बील पत्र, खेजरी एवं सब्जियों में जैसे काचरी, काकड़िया, ग्वारफली इत्यादि को वैज्ञानिक विधि से खेती करने की सलाह दी। उन्होंने स्थानीय संसाधनों का उचित उपयोग करके पौष्टिक खाद्य पदार्थ का उत्पादन किया जा सकता हैं। इसी प्रकार खेती बचाओ अभियान के तहत डॉ. पवन कुमार ने किलचू गांव में खेत बचाओ अभियान के तहत बागवानी फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग, प्राकृतिक खेती, सरकारी योजनाओं का लाभ एवं वैज्ञानिक सलाह, जागरूकता आदि पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने बागवानी फसलों पर जैविक और प्राकृतिक खेती की सलाह दी गई कि मौसम की विपरीत परिस्थितियों में कैसे समस्याओं का समाधान किया जाए।

### नशे के खिलाफ रैली निकाली



बीकानेर में नशे के खिलाफ जागरूकता साइकिल रैली निकालकर नशा नहीं करने का संदेश दिया।

**बीकानेर,** (कासं)। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शुक्रवार को बीकानेर में नशे के विरूद्ध जन-जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली के द्वारा आमजन में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पंवार ने बताया कि रैली प्रातः 7 बजे कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना होकर भारत स्काउट एवं गाइड कार्यालय परिसर तक पहुंची। रैली में भारत स्काउट एवं गाइड के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा रास्ते भर लोगों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि जिले में 17 जून से 26 जून तक 'नशा मुक्त भारत अभियान-विकसित भारत की पहचान' विषयक जन-जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में आयोजित साइकिल रैली के माध्यम से युवाओं और आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। रैली में खेल विभाग के उपनिदेशक सुरेन्द्र कुमार हर्ष, सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट रामजस लिखाला, स्काउट सीओ जसवंत सिंह, दांतौर विकास सार्वजनिक पुण्यार्थ ट्रस्ट के सचिव रामकिशोर सियोल तथा अध्यक्ष पूनमचंद विश्नोई सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।


### दो कार टकराई, दो जने घायल

**देशनोक,** (कासं) बीकानेर-जोधपुर हाईवे पर स्थित देशनोक ओवरब्रिज पर दो कारों की टक्कर हो गई। इस हादसे में एक गर्भवती महिला सहित दो लोग घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह घटना देशनोक ओवरब्रिज पर तब हुई जब बीकानेर से ढिंगसरी की ओर जा रही एक कार पुल पर चढ़ रही थी और दूसरी कार से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के समय कार में कुल चार लोग सवार थे। इस दुर्घटना में मुख्य रूप से गर्भवती महिला सुशीला और हुकम सिंह घायल हुए हैं। हादसा होते ही ओवरब्रिज और आसपास मौजूद स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए पहुंचे।

# जूनागढ़ में बीएसएफ जवानों ने लिया नियमित योग का संकल्प

**बीकानेर,** (कासं)। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आयोजित पूर्वाभ्यास कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को जिले के ऐतिहासिक जूनागढ़ किले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) सेक्टर मुख्यालय, बीकानेर द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योग के महत्व को आत्मसात किया।

इस अवसर पर बीएसएफ सेक्टर मुख्यालय बीकानेर के डीआईजी अजय लूथरा, कमांडेंट नवीन मोहन शर्मा, कमांडेंट सीताराम बैरवा, डिप्टी कमांडेंट (जनरल) महेशचंद जाट, डिप्टी कमांडेंट सत्तार खान सहित अधीनस्थ अधिकारी एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। योग अनुदेशक प्रकाश सिंह ने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास करवाया। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी देते हुए नियमित योगाभ्यास अपनाने का आ ान किया। ऐतिहासिक धरोहर जूनागढ़ किले की



जूनागढ़ की ऐतिहासिक प्राचीरों के बीच बीएसएफ जवानों ने योग दिवस के उपलक्ष में योग का पूर्वाभ्यास किया।

पृष्ठभूमि में आयोजित इस योग सत्र ने योग एवं भारतीय सांस्कृतिक विरासत के समन्वय का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों ने स्वस्थ जीवनशैली के लिए नियमित योग करने का संकल्प लिया तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में जिले में योग जागरूकता गतिविधियां निरंतर आयोजित की जा रही हैं। शुक्रवार को आयुर्वेद विभाग एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा एकीकृत महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा शहर के प्रमुख पर्यटन एवं सांस्कृतिक स्थलों पर विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए।

## जानलेवा हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**बीकानेर,** (कासं)। नयाशहर थाना पुलिस ने नत्थूसर गेट के बाहर एक घर पर पेट्रोल बम फेंकने, आग लगाने और जानलेवा हमला करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

नत्थूसर गेट के बाहर रहने वाले विजय कुमार सियोता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 22 मई की रात करीब 12:30 बजे मोंटू, विकास, मनोज, अमित, पूनमचंद और सुनील सहित 5-7 बदमाश बाइकों पर सवार होकर आए। इन सभी के हाथों में गंडासे, तलवारें, सरिये और पेट्रोल से भरी बोतलें थी। बदमाशों ने बोतल में आग लगाकर घर के मुख्य दरवाजे पर पेट्रोल बम फेंका, जिससे जोरदार धमाका हुआ और घर के दरवाजे व अंदर आग लग गई।

बदमाशों ने जानलेवा हमला किया। एसएचओ कविता पूनिया ने बताया कि इस मामले के दो आरोपी राजीव नगर निवासी विनीत गोयल उर्फ मोंटू (22) और नत्थूसर बास निवासी दुष्यंत कुमार तंवर (22) को गिरफ्तार किया है। अन्य अभियुक्तों की तलाश की जा रही है। जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# करंट से संविदाकर्मी की मौत, बज्जू में बाजार बंद

**बज्जू,** (कासं)। कोलायत लिफ्ट कैनाल के 7.5 किलोमीटर पर स्थित 33 केवी जीएसएस पर कार्यरत संविदाकर्मी राजाराम सारण की करंट लगने से मौत के मामले में परिजनों और ग्रामीणों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा।

शुक्रवार को बज्जू व्यापार मंडल ने बाजार बंद रखकर पीड़ित परिवार को समर्थन दिया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग दोहराई। यह घटना गुरूवार सुबह की है, जब मिठडिया निवासी राजाराम सारण की 33 केवी हाईटेंशन लाइन का फाल्ट निकालते समय करंट लगने से मौत हो गई थी।

हादसे के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बज्जू उप जिला अस्पताल के बाहर धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगें हैं कि जिम्मेदार लाइनमैन और कनिष्ठ अभियंता के खिलाफ मौत का मामला दर्ज किया जाए। मृतक के परिवार को एक करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता दी जाए और एक आश्रित को सरकारी नौकरी प्रदान की

- **परिजनों और ग्रामीणों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा**
- **परिजनों की 1 करोड़ मुआवजा और नौकरी की मांग**

जाए। धरनास्थल पर गुरूवार को बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता मनमोहन सिंह, तहसीलदार मदनसिंह यादव और थानाधिकारी जगदीश पांडर ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। जिसमें दोनों पक्षों में कोई सहमति नहीं बनी। हादसे के प्रत्यक्षदर्शी मनीराम नैण ने बताया कि लाइनमैन अमरीक सिंह के निर्देश पर वे और राजाराम फाल्ट निकालने पहुंचे थे। शटडाउन की पुष्टि के बाद राजाराम पोल पर चढ़कर जम्फर जोड़ने लगा। तभी लाइन में करंट आने से उसे जोरदार झटका लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बज्जू अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# सूरजड़ा के लोग 1500 में टैंकर मंगाने को मजबूर !

**गजनेर,** (कासं)। सूरजड़ा गांव में गहराते पेयजल संकट से ग्रामीणों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। गांवों और ढाणियों में नियमित जलापूर्ति न होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर कई दिनों तक पानी नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में रोष है।

ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी के बीच पानी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। पर्याप्त जलापूर्ति न होने के कारण लोगों को दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है। इस समस्या से महिलाओं और बच्चों को विशेष रूप से कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण लक्ष्मण जयपाल ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग को शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। गांव वाले एक हजार

- **पर्याप्त जलापूर्ति न होने के कारण लोगों को दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है तथा महंगे पानी के टैंकर मंगवाने को मजबूर हैं**

से पंद्रह सौ रूपये में पानी के टैंकर डलवाने को मजबूर हैं। रेवंतराम, जगदीश, ओमाराम, लिछमण और मूलाराम सहित अन्य ग्रामीणों ने भी अपनी परेशानी बताई। जलदाय विभाग के एईएन पुलकित शर्मा ने बताया कि सूरजड़ा में पानी की टंकी, डिग्गी और उसके चारों ओर चारदीवारी का निर्माण करवा दिया गया है।

## युवक पर लाठी से हमला

**जसरासर,** (कासं)। जसरासर थाना क्षेत्र के कुचौर अगुणी गांव में 15 जून को एक युवक पर लाठी से जानलेवा हमला किया गया था। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवक बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में भर्ती है।

जसरासर पुलिस के अनुसार किरताराम मेघवाल ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 15 जून 2026 को उनका पुत्र परमेश्वर लाल सब्जी लेकर लौट रहा था। इसी दौरान कुचौर अगुणी स्थित रामदेवजी मंदिर के पास भागीरथ नामक व्यक्ति ने लाठी से उस पर हमला कर दिया। हमलावर ने परमेश्वर लाल के सिर, हाथ, पैर और पीठ पर वार किए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत बीकानेर के पीबीएम अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत नाजुक है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

# खनन पट्टों में क्लोजिंग एरर और तकनीकी खामियों पर होगा मंथन

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान में माइनिंग पट्टों (खनन लीज) के सीमांकन और ड्रोन सर्वे की व्यावहारिक व तकनीकी दिक्कतों को दूर करने के लिए खान एवं भूविज्ञान की ओर से उदयपुर निदेशालय में खान मालिकों और स्टॉक होल्डर्स के साथ मंथन किया जायेगा।

खान विभाग की ओर से पिछले साल खनन पट्टा क्षेत्रों का ड्रोन सर्वे अनिवार्य कर दिया गया था। इसके अलावा अवैध खनन और परिवहन को रोकने के नाम पर वे-ब्रिज पर नया आटोमेशन सिस्टम और माल ढोने वाले वाहनों में वीएलटीडी लगाने सहित अनेक आदेश जारी किए गए हैं। इन आदेशों में व्यावहारिकता नहीं होने और तकनीकी खामियां रहने के कारण पूरी तरह से क्रियान्विति नहीं हो पाई। खनन

- **22 जून को पट्टेधारियों के साथ होगा मंथन**

व्यवसायियों ने अपनी परेशानियां उच्च अधिकारियों के समक्ष रखी। इसे देखते हुए खान विभाग ने आगामी 22 जून को दोपहर दो बजे एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है।

यह बैठक हाइब्रिड मोड (निदेशालय में आमने-सामने और वर्चुअल वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए) आयोजित होगी। बैठक में माइनिंग संगठनों, पट्टाधारियों और स्टॉक होल्डर्स से उनके सुझाव और आपत्तियां मांगी गई हैं जिससे कि अंतिम एसओपी को सर्वमान्य और व्यावहारिक बनाया जा सके। बैठक में शामिल होने के लिए लघु उद्योग भारती, फैडरेशन ऑफ माइनिंग एसोसिएशन ऑफ राजस्थान, मार्बल-ग्रेनाइट एसोसिएशन सहित प्रदेशभर की 20 से अधिक बड़ी माइनिंग संस्थाओं के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। गौरतलब है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 17 के नियम 84 ए के तहत ऑनलाइन सिस्टम पर खनन पट्टों के कोऑर्डिनेट्स (निर्देशांक) गलत दिखने और पुराने सीमांकन में क्लोजिंग एरर आने की लगातार शिकायतें मिल रही थी। इसी तरह 12 नवंबर, 24 को नियम 91(4) के तहत जारी ड्रोन सर्वे की एसओपी को लेकर भी राजस्थान स्टोन क्रेशर एसोसिएशन सहित कई संगठनों ने व्यावहारिक और तकनीकी परेशानियां बताई गई थी।

## स्पिंज़ का डी-टैन फेस पैक लांच

**जयपुर,** (कासं)। केविनकेयर के लोकप्रिय स्किनकेयर ब्रांड स्पिंज़ ने राजस्थान के उपभोक्ताओं के लिए अपना नया स्पिंज़ डी-टैन फेस पैक पेश किया है। यह फेस पैक केवल 15 मिनट में त्वचा से टैन हटाकर उसे सैलून जैसी चमक देने का दावा करता है। इस लांच के साथ स्पिंज़ ने अपनी स्किन केयर श्रृंखला को और मजबूत किया है, जिसे पहले से ही स्पिंज़ बीबी क्रीम और भारत के पहले बीबी फेस पाउडर जैसी नवाचारपूर्ण पेशकशों के लिए उपभोक्ताओं का भरपूर प्यार मिला है।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 10.07.2026 को 15:00 बजे तक निम्नानुसार खुली ई – निविदा आमंत्रित करते हैं :– क्रमांक 1 निविदा संख्या : 06-2026-GSU-BKN कार्य का नाम व स्थान : लालगढ़ (फेज-II) में कोचिंग मेंटेनेंस सुविधाओं को बढ़ाने के काम के तहत सिविल कार्य । अनुमानित लागत : रू 948267738.01 बिड सिक्यूरिटी : रू. 18965400.00 निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय : बोली शुरू होने तारीख 26.06.2026 और निविदा बंद होने की तारीख और समय 10.07.2026 को 15:00 बजे तक । नोटः अन्य शर्तें रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
895-DE/26
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

# शिक्षकों की मांगों को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का निदेशालय पर प्रदर्शन

**बीकानेर,**(कासं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विद्यालय शिक्षा जिला बीकानेर द्वारा संगठन के जिलाध्यक्ष मोहनलाल भादू एवं जिलामंत्री नरेन्द्र आचार्य के नेतृत्व तथा प्रदेश सचिव रवि आचार्य के सानिध्य में शिक्षकों की मांगों को लेकर शिक्षा निदेशालय पर प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के बाद शिक्षक प्रतिनिधियों ने शिक्षा निदेशक की अनुपस्थिति में अतिरिक्त निदेशक शैलेन्द्र देवड़ा से मुलाकात कर शिक्षकों की तात्कालिक और गंभीर समस्याओं के निस्तारण को लेकर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा और सकारात्मक चर्चा की। जिलामंत्री नरेन्द्र आचार्य ने बताया कि ज्ञापन में पे प्रोटेक्शन में वित्त विभाग से स्थिति स्पष्ट होने तक शिक्षकों की चल रही जांच प्रक्रिया को तुरंत स्थगित करने, क्रमोन्नत विद्यालयों में विभागीय पदों के नियमानुसार सभी पदों को रिक्त



राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने प्रदेश सचिव रवि आचार्य के सानिध्य में शिक्षकों की मांगों को लेकर अतिरिक्त निदेशक शैलेन्द्र देवड़ा को ज्ञापन देकर निदेशालय पर प्रदर्शन किया।

मानते हुए पदस्थापन करने, तृतीय श्रेणी शिक्षकों एवं शारीरिक शिक्षकों को सेवाकाल में न्यूनतम 1 पदोन्नति देने हेतु शासन को मजबूत प्रस्ताव भेजा जाने, उच्च माध्यमिक विद्यालयों में द्वितीय श्रेणी और प्रथम श्रेणी शारीरिक शिक्षकों के नए पद सृजित करने का प्रस्ताव शासन को भिजवाया जाने, ग्रीष्मावकाश अवधि के वेतन भुगतान के लिए सामान्य आदेश जारी हो और विकल्प पत्र में शिथिलता दिए जाने, अति आवश्यकता की स्थिति में ही विभागीय निर्देशों के अनुसार विभाग स्तर से आदेश जारी कर शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाये जाने, जिला प्रशासन द्वारा जारी किए जाने वाले अनावश्यक और अव्यवहारिक आदेशों के कारण संस्था प्रधानों पर बनाये जाने वाले दबाव को कड़ाई से रोका जाने ए राजकीय अवकाश के दिनों में शिक्षकों से कार्य करवाने की स्थिति में नियमानुसार सीसीएल का लाभ दिया जाने, काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान संपूर्ण रिक्त पदों को एक समान भाव से से दर्शाये जाने की मांग की गई।

इससे पूर्व शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव रवि आचार्य ने कहा कि विभाग को शिक्षकों की जायज मांगों पर संवेदनशीलता से विचार करना चाहिए।

## बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**लूणकरनसर,** (कासं)। लूणकरनसर कस्बे में गैस गोदाम के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 62 पर शुक्रवार सुबह लोक परिवहन बस और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में बाइक सवार 20 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

हैड कांस्टेबल श्यामलाल भाम्भू ने बताया कि यह घटना शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे हुई। सूरतगढ़ की ओर से आ रही लोक परिवहन बस ने सामने से आ रहे बाइक सवार चेतराम मेघवाल (20) को टक्कर मार दी। चेतराम लूणकरनसर के वार्ड एक का निवासी था। टक्कर के बाद चेतराम सड़क पर गिर गया और सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर लूणकरणसर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाकर परिजनों को सूचित किया। दुर्घटना के बाद बस ड्राइवर, बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। दोनों वाहनों को जब्त किया।

भारत सरकार
पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
वेबसाईट-www.plantauthority.gov.in
PPVFRA
पादप जीनोम संरक्षक पुरस्कार 2025-26
पादप जीनोम संरक्षण समुदाय पुरस्कार/कृषक सम्मान एवं मान्यता के लिए कृषिक समुदायों और व्यक्तिगत कृषकों से वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमत्रित किए जा रहे हैं। विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन प्रारूप पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण की वेबसाइट https://plantauthority.gov.in/hi पर उपलब्ध है।
अंतिम तिथि-विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से तीन माह।
CBC 01146/12/0002/2627